हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

जिलेभर में मतदाताओं को जोड़ने चल रहा विशेष अभियान

विस की सूची में जिनका नाम वही डाल सकेंगे पालिका चुनाव में वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केसीजी जिले के खैरागढ़ नगर पालिका में दिसंबर में होने वाले संभावित चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बीते सोमवार से शुरु की गई इस प्रक्रिया के तहत जिन युवाओं ने 1 अक्टुबर 2026 को अपनी आयु 18 वर्ष पूरी कर ली है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है।

हालांकि यदि युवा आगामी दिनों होने वाले नगर पालिका चुनाव में मतदान करना चाहते है तो सिर्फ 18 साल पूरा होना पर्याप्त नहीं है। संबंधित युवा का नाम विधानसभा की मतदाता सूची में होना अनिवार्य रहेगा। जिनका नाम विधानसभा सूची में नहीं है, वे सीधे नगर पालिका की सूची में नाम जोड़ने का आवेदन नहीं कर सकेंगे। उन्हें पहले विधानसभा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

उल्लेखनीय है कि चुनाव को लेकर प्रशासन ने मतदाता सूची को लेकर तैयारी तेज कर दी है। अधिकारियों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भारत निर्वाचन आयोग की अद्यतन विधानसभा मतदाता सूची से डेटा लिया जाएगा। सॉफ्टवेयर से मतदाताओं को वार्डवार और भागवार व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि पालिका की सूची तैयार की जा सके। मतदाता सूची में किसी तरह की गड़बड़ी न रहे, इसके लिए कर्मचारियों की टीमें घर-घर जाकर सत्यापन करेंगी।

इसमें यह देखा जाएगा कि एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग वार्डों में न बंटें और कोई पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। नाम, पता और वार्ड की जानकारी का मिलान कर सूची को दुरुस्त किया जाएगा। प्रारंभिक सूची जारी होने के बाद नए मतदाताओं के नाम जुड़ने, नाम कटने या वार्ड बदलने से कई वार्डों का समीकरण बदल सकता है। ऐसे में राजनीतिक दलों और संभावित प्रत्याशियों की नजर 23 अक्टूबर को जारी होने वाली प्रारंभिक सूची पर रहेगी। 30 नवंबर को अंतिम सूची आने के साथ ही चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी।

अलग खबर

खैरागढ़ पालिका में 17 हजार मतदाता



मिली जानकारी के अनुसार खैरागढ़ नगर पालिका में 2021 के दौरान कराए गए चुनाव में कुल 17094 मतदाता थे, जिनमें 8308 पुरुष एवं 8786 महिला वोटर शामिल थे। यह संख्या अभी अभियान शुरु होने से पहले ही बढ़कर 17309 तक जा पहुंची है, इनमें 8376 पुरुष एवं 8933 महिला मतदाता शामिल है। अब लगभग एक महीना तक चलने वाले अभियान के दौरान नए मतदाताओं के जुड़ने पर यह संख्या और बढ़ सकती है।

23 को होगा प्रारंभिक प्रकाशन

राजनांदगांव जिले के सभी विधानसभा और निकायों की प्रारंभिक फोटोयुक्त मतदाता सूची 23 अक्टूबर को प्रकाशित होगी। इसके बाद मतदाता अपना नाम, पता और वार्ड की जानकारी जांच सकेंगे। नाम छूटने या किसी जानकारी में गलती होने पर 30 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक दावा-आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निराकरण 3 नवंबर तक किया जाएगा। इसके बाद 30 नवंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। अंतिम सूची जारी होने के बाद दिसंबर में चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। प्रशासनिक स्तर पर दिसंबर के पहले सप्ताह में आचार संहिता लागू होने की संभावना है।

परिसीमन पूरा, अब मतदाताओं का इंतजार

ज्ञात हो नगर पालिका खैरागढ़ चुनाव को लेकर वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली गई है। वार्डवार आरक्षण होने के बाद साफ हुई तस्वीर के बाद अब सभी जनप्रतिनिधियों की अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन पर नजर टिकी हुई है। किस वार्ड में महिला मतदाता अधिक रहेंगी और किसमें पुरुष वोटर्स का दबदबा रहेगा यह 30 नवंबर के बाद ही साफ हो पाएगा।

सात दिन बाद कर सकेंगे आवेदन

ऐसे मतदाता जो पहली बार अपना नाम खैरागढ़ विधानसभा में जुड़वा रहे है। ऐसे मतदाताओं को पहले फार्म-6 भरकर अपना नाम विधानसभा की वोटर लिस्ट में जुड़वाना होगा। फार्म-6 भरने के बाद सात दिनों के भीतर उन मतदाताओं का ईपीक नंबर आएगा जिसके आधार पर वे आवेदन कर अपना नाम पालिका की मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे। जिसके बाद वे पालिका चुनाव में भी मतदान कर सकेंगे।

मामले में नाबालिग भी शामिल

मनगटा के रिसार्ट से एसी-फ्रिज और साउंड बॉक्स की चोरी, तीन पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मनगटा क्षेत्र के मिराईकल रिसार्ट में हुए चोरी के मामले की जांच करते पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से एसी, फ्रिज, गीजर, साउंड बॉक्स सहित अन्य सामान एवं चोरी में प्रयुक्त कार जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 सितंबर की शाम लगभग 3 बजे से 3 अक्टूबर की शाम लगभग 4 बजे के मध्य ग्राम मनगटा स्थित मिराईकल रिसॉर्ट के कॉटेज नंबर 136, 129 एवं 131 से अज्ञात चोर द्वारा 5 नग एसी, 2 फ्रिज, 1 साउंड बॉक्स, 4 गीजर, 3 नल एवं 1 सिलेंडर कुल अनुमानित कीमत 78,900 रुपए को चोरी कर लिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सोमनी में धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों से प्राप्त जानकारी, तकनीकी साक्ष्यों तथा मुखबीर की सूचना के आधार पर संदेहियों की निगरानी कर लगातार पतासाजी की गई। पुलिस के अनुसार इसी दौरान संदेही युवराज खुटेल उर्फ लोचन 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 10 मुढ़ीपार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने साथी मोहित लोहार 21 वर्ष निवासी स्टेशनपारा मुढ़ीपार तथा रितिक वर्मा 23 वर्ष निवासी ग्राम पंचपेड़ी एवं दो विधि से संघर्षरत बालकों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

सामान बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 5 नग एसी, 2 फ्रिज, 4 गीजर, 2 नल तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त कार जब्त की गई। जब्त मशरूका एवं वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 2,58,900 रुपए है। प्रकरण में संलिप्त पाए जाने पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। प्रकरण में अन्य फरार आरोपी की पतासाजी जारी है।







खबर संक्षेप

सम्मान समारोह का आयोजन


तुमडीबोड। रंगकर्मी खुमानलाल साव एवं संतोषदास साहू की स्मृति में मुकरदम परिवार ने कल 10 अक्टूबर को खुमानलाल साव कृत लोक सांस्कृतिक संस्था चंदैनी गोंदा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया है। मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, अजय जैन, विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, जनपद सदस्य जया साहू, द्वारिका टण्डन, मदन साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष राजू यादव, नवीनभाई परमार, निर्मला सिन्हा, सरपंच मूलचंद पदाम होंगे।

मुंशी प्रेमचंद को किया याद

चिचोला। प्राथमिक शाला बजरंगपुर में हिंदी साहित्य के अमर साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद को पुण्यतिथि पर याद किया गया। बच्चों को जीवन परिचय एवं उनके साहित्यिक अवदानों से अवगत कराया गया। मुंशी प्रेमचंद ने अपने जीवन काल में 300 से अधिक कहानियां, एक दर्जन से अधिक उपन्यास, तीन नाटक लिखा था। उनकी प्रमुख कहानियों में पंच परमेश्वर, ईदगाह, परीक्षा, पूस की रात, कफ़न, दो बैलों की कथा तथा उपन्यासों में सेवासदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, कर्मभूमि, गबन, गोदान आदि प्रमुख है। उन्होंने अपने लेखन में सामाजिक-सांस्कृतिक कुरीतियों पर जमकर प्रहार किया है। किसान-मजदूर की पीड़ा, बेमेल विवाह, शोषण का विरोध, गरीबों का दमन जैसे विषयों को उठाकर समाज को दिशा देने का सार्थक प्रयास किया। इस कार्यक्रम में प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, गजेन्द्र चौधरी, कांता नांदेश्वर उपस्थित थे।

काम अपूर्ण पर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी

तुमड़ीबोड। ग्राम पंचायत मचानपार में जल जीवन मिशन का कार्य अपूर्ण होने के बाद भी पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने की जानकारी मिली है, जिसे गत दिनों ग्रामसभा ने निरस्त कर दिया।



जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत 1 करोड़ 36 लाख के कार्य की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृत राशि से पाइप लाइन विस्तार एवं टंकी निर्माण कराया जाना था। यह कार्य अब तक अपूर्ण है। ग्रामीणों को अब तक पानी नहीं मिल रहा है। कार्य अधूरा होने के बाद भी सरपंच ने पूर्णता प्रमाण पत्र दे दिया है। सवाल यह है कि अब शेष कार्य को कौन पूरा करेगा। ग्रामवासियों ने अधूरे कार्य से विभागीय अधिकारी को अवगत करा दिया है। जानकारी के अनुसार गत 8 अक्टूबर को ग्रामसभा की बैठक में पूर्णता प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया है।

स्काउट गाइड प्रशिक्षण आरंभ



घुमका। स्थानीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में शुक्रवार ब्लॉक स्तरीय स्काउट गाइड द्वितीय सोपान प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस प्रशिक्षण में 16स्कूलों के 168 छात्र छात्राओं ने भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण आगामी 12अक्टूबर तक चलेगा। शुभारंभ के मौके पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा थी। अध्यक्षता शाला समिति के अध्यक्ष पीताम्बर निषाद ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती वर्मा ने स्काउट गाइड की ट्रेनिंग और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के विकास के लिए आयोजन आवश्यक बताया। अध्यक्षता कर रहे पीताम्बर निषाद ने कहा कि स्काउट गाइड ट्रेनिंग से छात्रों को अनुशासन और जीवन जीने की कला सीखने जैसे गुण विकसित होगा। विशेष अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य गणपत दुबे, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, महादेव वर्मा, पूसउ राम वर्मा , टीआर यादव, प्रकाश जैन, उमाकांत साहू, कुमार बघेल थे।

दीक्षारंभ समारोह आयोजित

डोंगरगढ़। शासकीय नेहरू महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारम्भ समारोह में शामिल होकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सुनील जैन, नगर पालिका सभापति एवं जनभागीदारी समिति सदस्य सुमित ताम्रकार, मनीष सोनी, उपकार साहू, अविनाश टेंबुरकर, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण गुप्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर सहित महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। दीक्षारम्भ केवल महाविद्यालय में प्रवेश का अवसर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य की नई यात्रा का शुभारम्भ है।



रेलवे द्वारा बैक्टीरियोलॉजिकल जांच कराई गई

ट्रेनों से आने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर मिलेगा स्वच्छ पेयजल

यात्रियों की सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे प्रसिद्ध क्वांर नवरात्र पर्व के दौरान मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा और बेहतर सुविधाओं को ध्यान में रखते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल ने तैयारियां पूरी कर ली है। नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने वरिष्ठ अधिकारियों के दल के साथ डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्री सुविधाओं का व्यापक जायजा लिया और अधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर निर्देश

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्मों, प्रतीक्षालयों, पैदल पार पुलों, टिकट काउंटरों और शौचालय परिसरों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए। पर्व के दौरान उमड़ने वाली भीड़ को देखते अतिरिक्त अनारक्षित टिकट काउंटर खोलने और 24 घंटे उद्घोषणा प्रणाली को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। आरपीएफ और जीआरपी के अतिरिक्त जवानों की तैनाती कर परिसर में चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी रखने और भीड़ नियंत्रण हेतु बैरिकेडिंग व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा गया।

सुलभ यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है रेलवे

डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि नवरात्र अवसर पर डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुखद और सुरक्षित बनाना रेलवे की प्राथमिकता है। विशेष ट्रेनों के परिचालन, गाड़ियों के अस्थायी ठहराव और स्टेशन की व्यवस्थाओं को इस तरह संयोजित किया गया है, ताकि किसी भी यात्री को परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान नागपुर मंडल के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय स्टेशन अमला उपस्थित रहा।

बैक्टीरिया जांच रिपोर्ट आई नेगेटिव

विगत नवरात्र पर्व के दौरान प्लेटफॉर्मों पर नलों से मटमैला पानी आने और पीने के पानी की किल्लत को लेकर श्रद्धालुओं को हुई असुविधा को रेलवे प्रशासन ने इस बार गंभीरता से लिया है। निरीक्षण के दौरान डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता ने पानी की गुणवत्ता से जुड़े सवाल पर स्पष्ट किया कि इस बार रेल यात्रियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रेलवे चिकित्सा विभाग द्वारा स्टेशन परिसर एवं प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध पेयजल स्रोतों की बैक्टीरियोलॉजिकल एवं तकनीकी जांच कराई। जांच रिपोर्ट पूरी तरह नेगेटिव आई है, जो यह प्रमाणित करती है कि स्टेशन पर आपूर्ति किया जा रहा पानी पीने योग्य, स्वच्छ और सुरक्षित है।

नाम परिवर्तन के विरोध में नपं अध्यक्ष मुखर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



राजधानी रायपुर के तेलीबांधा चौक का नाम परिवर्तन किए जाने की चर्चा के बीच इस प्रस्तावित बदलाव को लेकर विरोध के स्वर सामने आने लगे हैं। लाल बहादुर नगर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने तेलीबांधा के नाम परिवर्तन का विरोध करते इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सामाजिक पहचान से जुड़ा विषय बताया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने कहा कि तेलीबांधा केवल एक स्थान का नाम नहीं, बल्कि रायपुर की पहचान और लंबे समय से जुड़ी स्थानीय स्मृतियों का हिस्सा है। ऐसे में नाम परिवर्तन से पहले स्थानीय नागरिकों और संबंधित सामाजिक वर्गों की भावनाओं एवं जनमत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

यथावत रखा जाए नाम

उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान के नाम में बदलाव का निर्णय व्यापक चर्चा, जनभावनाओं और ऐतिहासिक-सामाजिक संदर्भों को ध्यान में रखकर होना चाहिए। उन्होंने संबंधित जिम्मेदारों से इस विषय पर पुनर्विचार करते स्थानीय लोगों की राय लेने की मांग की। देवेंद्र ने कहा कि तेलीबांधा नाम को यथावत रखा जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र की पुरानी पहचान और उससे जुड़ी सामाजिक स्मृतियां बनी रहे। उन्होंने इस विषय को लेकर आगे भी अपनी बात मजबूती से रखने की बात कही।

नपा में सार्वजनिक शौचालय के नाम पर 6 लाख का बंदरबांट, सभी जगह ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



आगामी क्वांर नवरात्र मेला की तैयारियों के बीच नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मरम्मत और रखरखाव के नाम पर 6 लाख रुपए से अधिक खर्च दिखाने के बावजूद शहर के प्रमुख सार्वजनिक शौचालय कई महीनों से बंद पड़े हैं। बधियाटोला, कालकापारा, आर्फ रमानगर, बुधवारी बाजार, गोल बाजार, सब्जी मार्केट, कंडरापारा स्कूल और कॉलेज पार्किंग के पास स्थित शौचालयों पर ताला लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार बिजली बिल बकाया होने से कई कनेक्शन काट दिए गए हैं और सफाई कर्मियों को समय पर भुगतान नहीं होने से काम ठप है। वर्ष में दो बार लगने वाली मां बम्लेश्वरी मेले में लाखों श्रद्धालु आते हैं। शौचालय बंद रहने से उन्हें भारी परेशानी होगी। जबकि निजी सुलभ केंद्रों पर मनमानी फीस वसूली जा रही है। स्थानीय लोगों ने कलेक्टर और सीएमओ से मांग की है कि मेला शुरू होने से पहले सभी सार्वजनिक शौचालय चालू कराए जाएं और 6 लाख के मरम्मत खर्च की जांच कराई जाए।

क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह, तैयारी अंतिम चरण पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्रामीण क्षेत्र में रविवार से शुरू हो रहे क्वांर नवरात्रि का पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। माता के भक्त पर्व को भक्तिमय माहौल में मनाने तैयारी में जुटे हुए हैं। गांव-गांव में समितियों द्वारा शक्ति की देवी दुर्गा, काली एवं विद्या की देवी सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। जिसके लिए आकर्षक मंच तैयार किया जा रहा है।

■ प्रज्जवलित होगा आस्था के जोत

वहीं नौ दिनों तक चलने वाले पर्व में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की रूपरेखा भी तैयार किया जा रहा है। वहीं देवी मंदिरों में भी क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारी अंतिम चरण पर है। देवी मंदिरों में हर वर्ष की तरह इस बार भी आस्था की जोत बड़ी संख्या में प्रज्वलित किया जाएगा। क्षेत्र के नर्मदा मैय्या, सिद्ध बाबा घिरघोली, अन्नपूर्णा मंदिर पैलीमेटा, दुर्गा मंदिर चोरडाधाम, शीतला मंदिर एवं बंजारी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में पर्व पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा। नर्मदा सहित अन्य सभी मंदिरों में रविवार शाम को विधि-विधान के साथ घट स्थापना किया जाएगा। पर्व को लेकर मंदिरों में आकर्षक रौशनी से सजाया जा रहा है। वहीं देवी दर्शन करने उमड़ने वाले भक्तों को पर्याप्त सुविधा मुहैया कराने की भी रूपरेखा बनाया जा रहा है। पदयात्रियों को भी ठहरने एवं जलपान की सुविधा उपलब्ध कराने व्यवस्था बनाया जा रहा है।



चकनार में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

■ पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास के संदेश के साथ मैदानी अमले का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना छुईखदान के अंतर्गत ग्राम पंचायत चकनार में मंगलवार को आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित सेवाओं को समुदाय से जोड़ना तथा पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल विकास एवं जनभागीदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा, संस्कार, पोषण एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण निर्मित किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, प्रदेश मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा नीतू कोठारी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा उमा चौबे, महिला एवं बाल विकास जनपद सभापति ज्योति जंघेल, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार समेत जिला कार्यक्रम अधिकारी पीआर खुटेल, परियोजना अधिकारी छुईखदान सुनील बंजारे, सरपंच वंदना पटेल, पर्यवेक्षक पूजा, माधुरी एवं प्रेमलता तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपा जंघेल, नाजरा, पूनम एवं संतोषी सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, स्वास्थ्य कर्मी, स्कूली विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

संतुलित आहार का संदेश

कार्यक्रम में मेरी पोषण थाली का प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से संतुलित एवं पौष्टिक आहार में शामिल किए जाने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थों की जानकारी दी गई। महिलाओं एवं ग्रामीणों को बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं के लिए संतुलित आहार के महत्व तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं प्रारंभिक बाल विकास के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर परियोजना अधिकारी छुईखदान सुनील बंजारे ने कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कर्मियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले लोगों का धन्यवाद करते कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने विभाग और समुदाय के बीच निरंतर सहभागिता आवश्यक है।

सेवा का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं पर्यवेक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मानित कर्मियों की गांव-गांव तक महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों से आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ने तथा बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक बाल विकास पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। साथ ही शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में जनसहभागिता को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

मुरूम का खनन अवैध अधिकारी मौके पर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चौथना-अड्डी मार्ग में स्थित सरकारी गोदाम के पीछे के बड़े भू-भाग में व्यापक पैमाने में मुरूम का अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर दस्तक देकर खनन में लगी गाड़ियों की पतासाजी करने की कोशिश की।

ग्रामीणों ने बताया कि गाड़ियां रात के समय मुरूम खनन करने आती है। इतने सूनसान इलाके में खनन में लगी गाड़ियों के पास जाना भी ग्रामीणों के लिए खतरनाक हो सकता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि डोंगरगढ़ क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के स्थल पर निरीक्षण कर पता लगाया जाए कि निर्माण एजेंसी अथवा आम नागरिक मुरूम कहां से मंगा रहे हैं और किस वाहन से लाया जा रहा है।

अवैध खनन पर रोक लगाने पहुंचे थे ग्रामीण

बोरतलाव मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत चौथना से चिंदो रोड खाद गोदाम के पीछे गिटी डोंगरी के साइड से रास्ता बनाकर राजस्व निरीक्षक व अधिकारियों के संरक्षण में बड़े पैमाने में अवैध खनन किया जा रहा है। सरपंच व ग्रामीणों ने स्थल का मुआयना किया। उनके पहुंचते ही वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गए। जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव के प्रेस नोट के अनुसार 15 अक्टूबर से जिले में रेत घाट शुरू होंगे। जिससे अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगेगी। 4 नई रेत खदानों में वैज्ञानिक तरीके से खनन शुरू होगा। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की मंशा तभी पूरी होगी, जब मुरूम खनन पर रोक लगेगी और इसमें सहयोग करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

किसान आंदोलन : बसें रोके जाने से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



भारतीय किसान संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर 8 अक्टूबर से प्रदेश में किसानों आंदोलन का आह्वान किया जिसके तहत लगभग सभी जिला मुख्यालयों में किसानों ने प्रदर्शन किया। कवर्धा में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर प्रदर्शन किया। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर यातायात बाधित किया गया जिसका असर गंडई में भी देखने को मिला।

किसान संघ अपनी 23 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद है। आंदोलन के मद्देनजर गंडई पुलिस ने रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव से कवर्धा की ओर जाने वाली यात्री बसों को बस स्टैंड एवं मुख्य चौक पर रोक दिया था। बसों के आगे नहीं जाने से सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, दूसरे शहरों से लौट रहे मजदूर और बच्चे भी शामिल थे। यात्रियों ने बताया कि लंबी यात्रा के बाद घर के नजदीक पहुंचने के बावजूद बसें रोक दिए जाने से उन्हें इंतजार करना पड़ा। कई यात्री भूखे-प्यासे परेशान बैठे रहे। पोरबंदर से लौट रहे एक जवान ने कहा कि लंबी यात्रा पूरी कर घर के करीब पहुंचने के बाद भी बस रोके जाने के कारण घर पहुंचने के लिए काफी इंतजार करना पड़ रहा है। इन दिनों गुरुकुल और डीपीएस में परीक्षा भी चल रहे है, बस नही चलाने के कारण बच्चे घरों पर बैठना पड़ा।

मांगे विचाराधीन

सांसद संतोष पांडे से किसान आंदोलन को लेकर पूछे जाने पर कहा कि किसानों की मांगों पर सरकार विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी सरकार ने समर्थन मूल्य में वृद्धि की है और आगे भी किसानों के हित में आवश्यक निर्णय लेने पर विचार किया जा रहा है।



खबर संक्षेप

सूने घर में प्रवेश कर आभूषण सहित नगदी रकम की चोरी

राजनांदगांव। घर के लोग ताला लगाकर खेत में काम करने गए हुए थे, इस दौरान चोर घर में प्रवेश किए और आभूषण सहित नगदी रकम की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहेराभाठा के एक घर में 8 अक्टूबर को अज्ञात चोरो ने ताला तोड कर घर में रखे सोने चांदी के जेवर सहित नगदी रकम 5 हजार रूपये को चोरी कर लिया। बताया गया कि घटना के दौरान घर के लोग खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। चोरी की इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी नंद कुमार वर्मा ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

पिकअप ने बाइक सवार को ठोका, वृद्ध की मौत

राजनांदगांव। बाईक में सवार होकर जा रहे वृद्ध को लापरवाही से भागती एक पिकअप वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे बाईक सवार वृद्ध को गंभीर चोटे आई और उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत की है। 8 अक्टूबर को ग्राम मांगली रामटेक जिला नागपुर निवासी दौलत शिवांकर 65 वर्ष बाईक में सवार होकर कुछ काम से जा रहा था। वह नेशनल हाईवे ग्राम घोरतलाव क्रासिंग के पास पहुंचा ही था कि लापरवाही से भागती पिकअप वाहन ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे बाईक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दौलत शिवांकर को गंभीर चोटे आई। उसे उपचार हेतू छुरिया चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़। पीड़िता को शादी करने का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना खैरागढ़ में दर्ज अपराध के आरोपी मोहित नेताम 26 वर्ष के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में पीड़िता के अनुसार आरोपी ने विवाह का प्रलोभन देकर वर्ष 2021 से अब तक उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध स्थापित किए। मामले में अपराध के साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पकड़ा गया

राजनांदगांव। मेन रोड में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने के मामले की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिससे 28 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि प्रज्ञागिरी पहाड़ी मेन रोड के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। मौके पर आरोपी किशन उइके 33 वर्ष निवासी महावीर पारा डोंगरगढ़ के कब्जे से 28 पौवा शोले मसाला देशी शराब कीमती 2800 रुपए एवं शराब बिक्री की रकम 200 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

नेशनल तीरंदाजी के लिए रुस्तम, अर्पिता का चयन

राजनांदगांव। जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन



दिनांक 5 अक्टूबर को साइस कॉलेज मैदान स्पोर्ट्स एकेडमी रायपुर खेल एवं युवा कल्याण विभाग मे कराया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ के 20 जिलों से 300 खिलाड़यो ने हिस्सा लिया। राजनांदगांव के आधुनिक कम्पाउंड वर्ग के खिलाडी रुस्तम साहू और अर्पिता वर्मा ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजनांदगांव से मात्र 2 खिलाड़ी छत्तीसगढ़ टीम मे जगह बनाया है। ये दोनो खिलाड़ी 46 जूनियर नेशनल जयपूर मे होने वाले प्रतियोगीता मे भाग लेंगे। ये खिलाड़ी डॉ. रमन सिंग के गोद ग्राम लिटिया मे तीरंदाजी डिप्लोमा A ग्रेट कोच श्री हीरु साहू के सानिध्य में गांव और शहर के बच्चों को सुबह शाम तीरंदाजी का प्रशिक्षण दे रहें है। इस इस उपलब्धि पर भारतीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष श्री कैलाश मुरारका महासचिव आयुष मुरारका स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन, श्री मनोज चौधरी और एकेडमी के फाउंडर श्री डेविड वर्मा, क्रीड़ा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुमित उपाध्याय, बिजेंद्र भूषण खरे,जोगेंद्र साहू, रंजना मंडावी,डॉ. संतोष साहू कोच हीरु साहू ने शुभकामनाएं दी है।

आज उदयाचल प्रांगण में अग्रसेन आनंद मेला

राजनांदगांव। भगवान श्री अग्रसेन की जयंती महोत्सव के अंतर्गत



अग्रवाल समाज में उत्साह और उमंग का माहौल है। अग्रवाल सभा, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त प्रयासों से 4 से 11 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल शनिवार को बाइक रैली के साथ नगर भ्रमण और उदयाचल प्रांगण में अग्रसेन आनंद मेले का आयोजन होगा। वहीं गुरुवार को आयोजित बहुप्रतीक्षित अग्रसेन म्यूजिकल अंताक्षरी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने गीत-संगीत से समां बांध दिया। अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष चैतन्य अग्रवाल, सचिव हर्षित अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष राहुल लोहिया ने बताया कि कल 10 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे अग्रसेन भवन से बाइक रैली निकाली जाएगी। जिसके प्रभारी अखिल भारतीय अग्रवाल युवा सम्मेलन है। बाइक रैली नगर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते उदयाचल प्रांगण पहुंचेगी, जहां शाम 7 बजे से अग्रसेन आनंद मेले का आयोजन होगा। कार्यक्रम संबंधी जानकारी मीडिया प्रभारी हर्षित अग्रवाल ने दी।

निधन

सुश्री शोभा गुप्ता

राजनांदगांव। पूर्व पार्षद राधेश्याम गुप्ता तथा राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता की



बहन सुश्री शोभा गुप्ता का 8 अक्टूबर को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनका अंतिम संस्कार मठपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में योगेश दत्त, अजीत जैन, मनोज अग्रहरि, श्याम स्वरूप गुप्ता, धीरज बैद, विनोद जैन, राजू गुप्ता, नरेश बैद, सिकंदर, सरफराज, सैफी तैययब अली, रामकिशोर गुप्ता, विनायक गुप्ता, राजू तिवारी, आनंद श्रीवास्तव, प्रमोद कश्यप, डिलेश्वर साहू, राकेश सोनी, तनिष्क साहू, पुरुषोत्तम देवांगन सहित अन्य लोग शामिल थे।

पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम का जिले में दौरा

अपराधों की रोकथाम, विवेचना में करें आधुनिक तकनीक का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, भा.पु.से. आज एक दिवसीय प्रवास पर जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई पहुंचे। इस दौरान अजय कुमार यादव, भा.पु.से., पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज एवं लक्ष्य शर्मा, भा.पु.से., पुलिस अधीक्षक, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई उपस्थित रहे।

भ्रमण के दौरान पुलिस महानिदेशक ने सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खैरागढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं, जिनमें डीएसबी शाखा, वेतन शाखा, फंड शाखा, स्थापना शाखा, ओ.एम. शाखा एवं एस.आर.सी. शाखा शामिल हैं, की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों के संधारण की समीक्षा की। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके पश्चात पुलिस महानिदेशक ने जिला साइबर लैब का निरीक्षण कर उपलब्ध तकनीकी संसाधनों, साइबर अपराधों की विवेचना एवं डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम एवं विवेचना में आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग पर विशेष बल दिया।



शिकायतों पर संवेदनशीलता से करें कार्रवाई

इस अवसर पर जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं उप पुलिस अधीक्षकों से लंबित अपराधों, शिकायतों के निराकरण, विवेचना की प्रगति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस महानिदेशक ने लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण, विवेचना में तकनीकी साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग तथा आम नागरिकों की शिकायतों पर संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अभिलेखों के संधारण की समीक्षा

पुलिस महानिदेशक द्वारा जिले के पुलिस थानों में संचालित विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों एवं डिजिटल पुलिसिंग प्रणालियों का पर्यवेक्षण किया गया। उन्होंने पोर्टलों पर दर्ज सूचनाओं, प्रकरणों के अद्यतनीकरण तथा डिजिटल अभिलेखों के संधारण की समीक्षा करते हुए इन प्रणालियों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

विश्वविद्यालय में की सहभागिता

पुलिस महानिदेशक ने निर्माणाधीन नवीन जिला पुलिस लाइन, खैरागढ़ का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में संचालित समस्त निर्माण एवं विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया तथा निर्माणाधीन भवनों, आधारभूत संरचनाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की प्रगति का जायजा लिया।इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक द्वारा नवीन जिला पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित मानकों के अनुपालन एवं समयबद्ध पूर्णता पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पुलिस बल की भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए परिसर में विकसित की जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। इसके उपरांत पुलिस महानिदेशक ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की।

गरबा में धार्मिक गाने बजाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर्व को लेकर गरबा उत्सव के आयोजनों में

■ अश्लीलता फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग

अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाने और हर दिन अलग-अलग फैंसी ड्रेस की फूहड़ता बंद किए जाने को हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्ढा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। हिंदू जागरण मंच ने पुलिस प्रशासन से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

शहर में अलग-अलग जगह पर वृहद स्तर पर गरबा के आयोजन किए जाते हैं। जिसमें काफी भीड़ भी एकत्रित होती है। इस दौरान धार्मिक वातावरण खराब करने के लिए कई जगहों पर अश्लील गाने और डांस की शिकायतें भी सामने आती है, जिसे देखते हुए गरबा उत्सव के आयोजन से पूर्व ही हिंदू जागरण मंच द्वारा धार्मिक वातावरण में गरबा का आयोजन किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

फूहड़ता पर हो कार्रवाई

ज्ञापन सौंपने एसपी कार्यालय पहुंचे हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्ढा ने कहा कि आने वाले दिनों में नवरात्रि पर शहर के कई जगहों में डांडिया और गरबा का आयोजन होता है। कुछ जगह पर अश्लीलता और फूहड़ता नजर आती है। उन्होंने मांग करते कहा कि गरबा में अश्लील गानों की जगह सांस्कृतिक और धार्मिक गीत बजाए जाएं। वहीं थीम के नाम पर अलग-अलग तरह के अश्लील पहनावे पर रोक लगे। उन्होंने ऐसे आयोजनकर्ताओं पर कार्रवाई करने मांग भी की है।

गैर हिन्दुओं को प्रवेश से रोक

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते कहा कि गरबा पंडालों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जो लोग मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं रखते, वो सिर्फ मनोरंजन के लिए आते हैं, इसलिए उनका प्रवेश बंद होना चाहिए, ताकि आपसी वैमनस्यता न फैले।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता हैदराबाद में भाग लेने जिला स्तरीय ट्रायल

राजनांदगांव। हैदराबाद में होने वाली 14 से 16 नवंबर के नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में भाग लेने राजनांदगांव जिला एथलेटिक्स खेल संघ द्वारा 11 अक्टूबर को सुबह 6.30 बजे से राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुंदरा के मिनी स्टेडियम में ट्रायल लिया जाएगा। इस ट्रायल में 14 वर्ष बालक-बालिका एवं 16 वर्ष बालक- बालिका की चयन प्रतियोगिता होगी और चयनित प्रतियोगियों को सीधे राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो हैदराबाद में संपन्न होने जा रही है, में भाग लेने चयन के बाद राजनांदगांव जिले की टीम रवाना होगी। जिला एथलेटिक संघ के सचिव रणविजय प्रताप सिंह ने बताया कि 14 वर्ष बालक एवं बालिका के लिए ट्रायल्स होंगे।

जिसमें 600 मीटर की दौड़, 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद एवं बैक थ्रो का इवेंट होगा। जबकि 16 वर्ष बालक-बालिका में 600 मीटर की दौड़, 80 मी हर्डल, 60 मीटर की दौड़, ऊंची कूद ,लंबी कूद, गोला फेंक एवं भाला फेंक का ट्रायल होगा। 14 वर्ष के जो बालक-बालिका होंगे, उनका जन्म 17 नवंबर 2012 एवं 16 नवंबर 2014 के मध्य होना चाहिए। जबकि 16 वर्ष बालक-बालिका का जन्म 17 नवंबर 2010 एवं 16 नवंबर 2012 के मध्य होना चाहिए।

14 वर्ष के समूह में बालक-बालिका की उम्र 12 वर्ष से अधिक होना चाहिए। 12 वर्ष से कम उम्र के प्रतियोगी इसमें भाग नहीं ले सकते हैं अर्थात 12 से 14 वर्ष आयु के प्रतियोगी ही 14 वर्ष आयु समूह में भाग ले सकते हैं। ट्रायल के पश्चात चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने 12 नवंबर 2026 को हैदराबाद रवाना होंगे। ट्रायल में भाग लेने प्रतिभागियों को अपने उम्र संबंधी दस्तावेज के रूप में जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं एएफआई का यूआईडी लाना होगा।

यूजीसी के नियमों पर सर्व समाज का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यूजीसी के नियमों और आरक्षण व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवाल अब सामाजिक एकजुटता का रूप लेने लगे हैं। राजनांदगांव में मठपारा स्थित परशुराम भवन में आयोजित बैठक में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे समाज प्रमुखों और प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। बैठक में नियमों की कमियों, उनके क्रियान्वयन और शिक्षा व्यवस्था में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के मुद्दे उठे। चर्चा केवल विरोध तक सीमित नहीं रही, बल्कि सर्व समाज ने अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा। बैठक में उठी आवाज के केंद्र में सवाल था कि शिक्षा से जुड़े नियमों में पारदर्शिता, समान अवसर और सभी पक्षों के अधिकारों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए।

परशुराम भवन में जुटे प्रतिनिधियों ने यूजीसी के नियमों और आरक्षण व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। सर्व समाज की ओर से प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर नियमों में सुधार की मांग की गई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से लोगों की मौजूदगी ने इस मुद्दे पर सामूहिक चर्चा की आवश्यकता को सामने रखा। अब ज्ञापन के माध्यम से उठाई गई मांगों पर संबंधित प्राधिकारियों का रुख महत्वपूर्ण होगा। समाज के प्रतिनिधियों की मांग है कि यूजीसी के नियमों की समीक्षा कर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिसमें पारदर्शिता, निष्पक्षता और सभी के अधिकारों का संतुलन बना रहे। सर्व समाज की ओर से प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के दौरान भारत तिवारी, संजय बहादुर सिंह, दशरथ शर्मा, महेश शर्मा, राज कुमार शर्मा, आलोक तिवारी, महेंद्र शुक्ला, रूपेश दुबे, विवेक शर्मा, गौरव पचौरी, विजय शर्मा, पीयूष शर्मा, विजय अग्निहोत्री और अरविंद मिश्रा सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निष्पक्ष समीक्षा की मांग

बैठक में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था के नियम किसी भी वर्ग के मन में अन्याय या भेदभाव की आशंका पैदा करने वाले नहीं होने चाहिए। नियमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित और निष्पक्ष शैक्षणिक वातावरण देना होना चाहिए। यदि किसी प्रावधान को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, तो उनकी अनदेखी करने के बजाय निष्पक्ष समीक्षा की जानी चाहिए। बैठक में जिले के शिक्षाविद नीरज बाजपेयी ने कहा कि यूजीसी के नियमों को लेकर उठ रही आपत्तियों पर व्यापक चर्चा जरूरी है। शिकायतों की जांच की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और किसी भी व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के साथ निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। नियमों के दुरुपयोग की आशंका को दूर करने के लिए स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए, ताकि किसी निर्दोष को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी पुनर्विचार और सुधार की मांग को प्रमुखता से उठाया।

अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल में शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने इस वर्ष खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योगा, जिम्नास्टिक, जूडो, कराटे, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसे 7 अलग-अलग खेलों में जिला, संभाग, राज्य स्तर, अंतर्राष्ट्रीय स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई। योगा और जिम्नास्टिक में बच्चों ने अपनी लचकता से जूडो और कराटे में अपनी वीरता और आत्मरक्षण कौशल से पदक प्राप्त किए। वहीं बास्केटबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई।

खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

योगा में पार्थ पारधी, हरिश कुमार वर्मा, जिम्नास्टिक में चहक देवांगन (01 स्वर्ण, 01 रजत पदक), वृष्टि आर्या ने (01 रजत पदक), कराते में मान्या साहू (02 स्वर्ण पदक), आहना प्रसाद ने (02 स्वर्ण पदक), अद्विक बावनकर ने (01 रजत, 01 कांस्य पदक), जूडो में तृषा गावंडे (01 रजत पदक), बास्केटबॉल में शिवांत कुमार, बैडमिंटन में मनमीत खिल्लन (01 स्वर्ण पदक), टेबल टेनिस में मान्या सोनी ने (01 स्वर्ण पदक) प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस वैशाली सिंह, खेल शिक्षक दुर्गेश साहू, सुषमा साहू सहित शिक्षकगण एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं दी। शाला प्रशासक ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेल को भी उतना ही महत्व देता है। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

अंडर-16 क्रिकेट टीम का चयन ट्रायल स्टेडियम में 11 को

राजनांदगांव। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा अंडर-16 आयु वर्ग की जिला क्रिकेट टीम के गठन के लिए 11 अक्टूबर को दिग्विजय स्टेडियम में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी।

इस ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग लेने पात्र होंगे। जिनका जन्म 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच हुआ है। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पात्र खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है, जिन खिलाड़ियों का पूर्व में पंजीयन नहीं हुआ है, वे शाम 4 से 6 बजे के बीच दिग्विजय स्टेडियम में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। खिलाड़ियों का चयन संगठन द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि चयन ट्रायल के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन कर सघन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम टीम का गठन किया जाएगा।

जिले की अंडर-16 टीम छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेगी। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट ड्रेस पहनकर आना अनिवार्य है। साथ ही सभी खिलाड़ी अपने आवश्यक दस्तावेज लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हो।

बालिकाओं को लगाया जा रहा एचपीवी वैक्सीन

राजनांदगांव। जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पात्र बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में एचपीवी टीकाकरण के लिए 10577 पात्र बालिकाओं का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरूद्ध अब तक 8315 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है एवं 2262 पात्र बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण शेष है। एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर सहित कुछ अन्य गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण बन सकता है। किशोरावस्था में निर्धारित समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाने से भविष्य में एचपीवी संक्रमण से होने वाले कैंसर के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के अभिभावकों से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अपनी बालिका का एचपीवी टीकाकरण करवाने की अपील की गई है। टीकाकरण के लिए जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल में निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है।

लखोली में सजेगा मां ज्वाला मंदिर का भव्य स्वरूप



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर्व पर मां कालिका उत्सव समिति राहुल नगर लखोली द्वारा इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक स्थल सजावट की जा रही है। इस वर्ष आयोजन का मुख्य आकर्षण हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां ज्वाला मंदिर का भव्य स्वरूप होगा। इस दिव्य मंदिर की स्थापना विकास नगर लखोली में की जा रही है, जहां श्रद्धालुओं को मां ज्वाला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। संस्था के अध्यक्ष हेमंत गुप्ता ने बताया कि मां ज्वाला मंदिर देश-विदेश में अपनी विशिष्ट धार्मिक मान्यता और आस्था के लिए प्रसिद्ध है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्रि के अवसर पर आकर्षक स्थल सजावट एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। समिति द्वारा स्थानीय स्तर के कलाकारों द्वारा निर्मित स्थल सजावट को क्षेत्र की जनता का भरपूर स्नेह, सहयोग और सराहना मिलती रही है। इस वर्ष भी मां ज्वाला मंदिर की भव्य प्रतिकृति श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 11 अक्टूबर को एकम घट स्थापना के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात 14 अक्टूबर को झांकी एवं जगराता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 अक्टूबर को पंचमी श्रृंगार एवं महाआरती, 17 अक्टूबर को सप्तमी महानिशा पूजा तथा 18 अक्टूबर को हवन एवं अष्टमी का धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होगा। वहीं 20 अक्टूबर को मां के अश्विनी स्वरूप के विसर्जन के साथ आयोजन का समापन किया जाएगा। समिति के संरक्षक प्रवीण जंगल एवं आनंद गुप्ता तथा सलाहकार सूर्यकांत गुप्ता, अश्विनी श्रीवास एवं अशोक कुमार रजक सहित समिति के सदस्यों ने नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से लखोली पहुंचकर मां ज्वाला के दर्शन करने तथा नवरात्रि के धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

नवरात्रि धमाका ऑफर

Hero

Hero

8000/-* की बचत

HF Deluxe
बाइक दमदार दाम शानदार

एक्स-शोरूम कीमत
₹59 999/-*

2500/-* तक
कैश डिस्काउंट

5000/-* तक
एक्सचेंज बोनस

साथ ही हर खरीदी पर पाए
FaydaMX Coupon

Destini 110

जय मोटर्स

भाजपा कार्यालय के सामने, जी.ई. रोड, राजनांदगांव, मो. 9289922357
न्यू शोरूम- जी.ई. रोड डोमिनोस के सामने, नागपुर नाका, राजनांदगांव, मो. 9289922357

अधिकृत डीलर

युवराज मोटर्स, डोंगरगढ़ मो. 8085160380	अंकित ऑटो, छुरिया मो. 9425240565	श्री साई मोटर्स, मोहला मो. 8120646300	दिलीप ऑटो केयर, मानपुर मो. 7999054324	फेस्टिवल काउंटर, डोंगरगांव मो. 7906738361
पुष्पक सेल्स, खैरागढ; मो. 9425554343	दुबे ऑटो, छुईखदान मो. 8103423552	ऑलिया सर्विसेस, गंडई मो. 9424105636	सांई मोटर्स, साल्हेवारा मो. 9754329434	अमर मोटर्स, अंबागढ़ चौकी मो. 9827969901

खबर संक्षेप

अब संजीवनी वाहन 108 एंबुलेंस में भी उपलब्ध होगा सर्पदंश का इंजेक्शन

कोलेगांव। वनांचल क्षेत्र सहित मैदानी क्षेत्रों में सर्पदंश यानि सांप के काटने की आपात स्थिति में लोगों को राहत देने के उद्देश्य से संजीवनी वाहन 108 एंबुलेंस में भी सर्पदंश के उपचार के लिए आवश्यक इंजेक्शन उपलब्ध होने की जानकारी सामने आई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आपातकालीन स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता मिलने की उम्मीद है।

बताया जाता है कि पहले सर्पदंश की घटना होने पर ग्रामीणों को उपचार और आवश्यक इंजेक्शन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। कई बार अस्पताल पहुंचने में देरी होने से मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती थी। ऐसे में संजीवनी वाहन 108 एंबुलेंस के माध्यम से समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से मरीज को अस्पताल पहुंचाने और उपचार शुरू करने में मदद मिल सकती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की दूरी को देखते हुए यह जानकारी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। यदि किसी व्यक्ति को सांप काट ले, तो तत्काल संजीवनी वाहन 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल करें और मरीज को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करें। सर्पदंश के मामले में समय पर उपचार बेहद जरूरी है।

समस्या: दिनभर भूखी रहीं गर्भवती महिलाएं, ठेकेदार की मनमानी

सीएचसी कुकदुर में मातृत्व सुरक्षा योजना पर पलीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदुर में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में भारी लापरवाही का मामला सामने आया है। मातृत्व सुरक्षा दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं दर्जनों गर्भवती महिलाओं को दिनभर भूखा रहना पड़ा। शासन द्वारा भोजन, नाश्ता और चाय की अनिवार्य व्यवस्था का नियम होने के बावजूद ठेकेदार और स्थानीय प्रबंधन की उदासीनता के चलते किसी भी गर्भवती महिला अथवा उनके परिजनों को भोजन उपलब्ध नहीं कराया गया।

शासन के निर्देशानुसार माह की निर्धारित तारीखों 9 और 24 तारीख को मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत दूर-दराज के गांवों से आने वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच की जाती है। इस दौरान स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल स्टाफ के अलावा बाहर से भी विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम बुलाई जाती है।

शुक्रवार को सुबह से ही गर्भवती महिलाएं अपने परिजनों के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थीं। जांच की लंबी प्रक्रिया के चलते महिलाएं और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर-स्टाफ सुबह से शाम तक लगातार व्यस्त रहे। क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस पूरे मामले पर कबीरधाम कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से निष्पक्ष जांच कर लापरवाह ठेकेदार का टेंडर निरस्त करने और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़





ग्रामीण क्षेत्रों से खाली पेट जांच कराने पहुंचीं महिलाओं को समय पर भोजन न मिलने से उनकी तबीयत बिगड़ने का खतरा बना रहा। परिजनों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा गर्भवती महिलाओं के पोषण और देखभाल के लिए स्पष्ट बजट और निर्देश हैं, इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन और ठेकेदार की मिलीभगत से गरीबों के हक पर डाका जा रहा है।

महिलाओं को कुछ नहीं, स्टाफ को घटिया पोहा

नियमों के मुताबिक शिविर में आने वाली गर्भवती महिलाओं, उनके परिजनों और बाहर से आए मेडिकल स्टाफ के लिए चाय, नाश्ता और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था ठेकेदार के माध्यम से की जानी थी, लेकिन मौके पर ठेकेदार की घोर मनमानी देखने को मिली। गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को पूरे दिन चाय, पानी या भोजन तक नसीब नहीं हुआ। वहीं जब स्टाफ ने इस संबंध में ठेकेदार से बात की, तो केवल नाममात्र का बेहद कम मात्रा में और घटिया (गुणवत्ताहीन) पोहा थमा दिया गया। डॉक्टरों और कर्मचारियों को चाय तक नहीं दी गई।

मरका से दामापुर सड़क को बजट की सौगात, सैहामालगी-कोदवा मार्ग जर्जर





- तीन फीट तक गहरे गड्ढों से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की आवाजाही जोखिम भरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के दामापुर क्षेत्र में मरका से दामापुर सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होने से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है, लेकिन सैहामालगी से कोदवा के बीच सड़क की बदहाली परेशानी का सबब बनी हुई है।

मार्ग पर तीन फीट तक गहरे गड्ढे और धंसी हुई पुलिया हादसों को न्योता दे रहे हैं। इससे स्कूली बच्चों, दोपहिया वाहन चालकों और मरीजों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी इस सड़क का डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से साइकिल और बाइक सवारों के लिए गुजरना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, खराब सड़क के कारण बच्चों की सुरक्षित आवाजाही को लेकर पालक चिंतित रहते हैं। वहीं, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने उठाई निर्माण की मांग

ग्रामीण राकेश, होरीलाल, आशीष, अरविंद, सुरेश, संतोष कुमार, राजकुमार, बाला, दिलीप और सुरेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने कहा कि मरका-दामापुर सड़क के लिए बजट स्वीकृत हुआ है, लेकिन सैहामालगी-कोदवा मार्ग की अनदेखी क्यों हो रही है? सड़क की हालत लगातार बिगड़ रही है। समय रहते सुधार नहीं किया गया तो आवागमन और कठिन हो जाएगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग से मार्ग का निरीक्षण कर जल्द मरम्मत कराने तथा सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करने की मांग की है।

कुआंमालगी में सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति, ग्रामीणों ने जताई खुशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कुआंमालगी में रोहित के घर से रामदास के घर की तक सीसी रोड निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा स्वीकृति राशि जारी किए जाने से मोहल्लेवासियों एवं ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से इस मार्ग पर पक्की सड़क की मांग की जा रही थी, सीसी रोड नहीं होने के कारण मोहल्लेवासियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

यहां बताना लाजिमी होगा कि विशेषकर बरसात के दिनों में मार्ग से गुजरना मुश्किल भरी हो जाता था, ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से इस समस्या के समाधान के लिए कई बार शिकवा-शिकायत की गई, जिस पर मोहल्लेवासियों की परेशानी को देखते हुए विधायक ने सीसी रोड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराई है। इससे अब मार्ग पर पक्की सीसी रोड बनने की उम्मीद जगी है, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और वर्षों से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी।

सीसी रोड की स्वीकृति मिलने पर ग्राम सरपंच लीलाराम साहू, गोवर्धन साहू, अवधेश साहू, जनक, सतखोजन सोनवानी, प्रमिला, संजू, राजू साहू, विश्राम सोनवानी, धरम सोनवानी, रोहित, नीलकंठ एवं विनोद सोनवानी सहित अन्य ग्रामवासियों ने विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र घृतलहरे तथा जनपद सदस्य सानू तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

सेवा संकल्प से जागरूकता, नवाचार व राष्ट्र निर्माण का संदेश



- पीजी कॉलेज कवर्धा में रंगोली, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज, नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता व विविध गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री ग्रंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में उच्च शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, राष्ट्र निर्माण की भावना, नवाचार, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को सेवा, संकल्प, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास किया गया। अभियान का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के अध्यक्षत्व में किया गया। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के लिए नोडल अधिकारी डॉ ऋचा मिश्रा, सहायक नोडल अधिकारी डॉ अनिल शर्मा, जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश चंदेल तथा महाविद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे एवं महाविद्यालय सहायक नोडल अधिकारी कृष्णा बंजारे के समन्वय एवं मार्गदर्शन में अभियान की विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं।

सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को महाविद्यालय में आशीर्वाद का दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा जन-जागरूकता एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तस्नीम एवं मथुरा, द्वितीय स्थान पर योगेश्वरी भास्कर, पुष्पांजलि एवं प्रीति तथा तृतीय स्थान पर जीयन लाल एवं ज्ञानेश्वरी रही। रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन में संयोजक डॉ सुनीता जाखड़ एवं सह-संयोजक संतोष कुमार डहरिया का विशेष योगदान रहा।

इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से युवा संवाद, मॉडल, पोस्टर, लाइव डेमो तथा अन्य नवीन एवं रचनात्मक विचार आमंत्रित किए गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मक सोच एवं नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक एवं दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए नवीन दृष्टिकोण अपनाने तथा अपने विचारों को व्यावहारिक स्वरूप देने का अवसर मिला। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेम प्रकाश दुबे, द्वितीय स्थान रीना साहू एवं खुशबू तथा तृतीय स्थान मानसी, सोमवती, प्रितांक्षा एवं खुशी गुप्ता संयुक्त रूप से रहे।

नमो गाथा के माध्यम से शहर में गूंजा जागरूकता का संदेश

अभियान के अंतर्गत 24 सितंबर को कवर्धा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर नमो गाथा थीम पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी, रेड रिबन क्लब एवं अन्य विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों तक विभिन्न सामाजिक एवं जन-जागरूकता संदेश पहुंचाए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने सेवा, जागरूकता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। शहर के सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित इन प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों को समाज के बीच सक्रिय रूप से कार्य करने का अवसर मिला।

जिला स्तरीय रंगोली प्रदर्शनी में दिखी विकसित भारत की झलक

सेवा संकल्प अभियान के तहत उच्च शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन कबीरधाम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय रंगोली प्रदर्शनी का समापन महाविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में हुआ। समापन एवं अवलोकन समारोह में नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रिकेश वैष्णव, जनभागीदारी समिति के सदस्य अजय ठाकुर तथा जिले के अन्य महाविद्यालयों के प्राध्यापक उपस्थित थें। कार्यक्रम के दौरान सेवा के रंग, राष्ट्र के संग के अंतर्गत आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालय सहित अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

युवाओं के कंधों पर विकसित भारत की बड़ी जिम्मेदारी: चन्द्रप्रकाश

रंगोली प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि सेवा संकल्प कार्यक्रम युवाओं की बड़ी जिम्मेदारी को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में जब स्वतंत्र भारत के 100 वर्ष पूर्ण होंगे, तब भारत वैश्विक स्तर पर विकसित भारत के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका होगा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रिकेश वैष्णव ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं। बेहतर तकनीक एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से युवा विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पूर्व सैनिकों का सम्मान, छात्रावास में स्वास्थ्य सामग्री व स्कूल में बांटी पुस्तकें

पंडरिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत पंडरिया में पूर्व सैनिकों के सम्मान, विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण और छात्रावास में स्वास्थ्य सामग्री प्रदान करने सहित विभिन्न जनसेवा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष रविश सिंह ठाकुर और विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा, सम्मान और जनकल्याण का संदेश दिया गया।अभियान के अंतर्गत पंडरिया निवासी पूर्व सैनिक विभूति कुमार शुक्ला और राजकुमार वैष्णव को सम्मानित किया गया। इस दौरान



उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए देश की रक्षा के लिए किए गए योगदान और कठिन परिस्थितियों में बिताए समय को याद किया। उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की सुरक्षा में पूर्व सैनिकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके योगदान की सराहना की।कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास में स्वास्थ्य संबंधी सामग्री वितरित की गई। वहीं, स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल के पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं को पुस्तकें प्रदान की गईं। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्धारित आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया भी पूरी की गई। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों और योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से भी संपर्क किया गया तथा योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी साझा की गई। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को साकार करना है।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता नवल किशोर पांडेय, देवेंद्र गुप्ता, दिलीप जैन, नारायण माली, पार्षद अनुराग सिंह ठाकुर, हरीश जैन, चंद्र कुमार सोनी, मनीष शर्मा, युवा नेता आलोक सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य मीनाक्षी सिंह ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थें।

पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में स्वच्छता ही सेवा के तहत विद्यार्थियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की शपथ ली। संस्था के प्रधान पाठक ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने किया।

इस सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका नीलिमा तिवारी, मालती चंद्रवंशी, दिलीप नागवंशी, ज्योति खरे एवं ऊषा मिश्रा एवं समस्त विद्यालय के समस्य छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान के अंतर्गत नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में नशा मुक्ति रैली एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक



विकास जोशी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा नारे लगाकर लोगों को शराब एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने हेतु जन-जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशा मुक्ति के प्रति चेतना जागृत करना एवं स्वस्थ समाज का निर्माण करना था।

गांधी चौक पंडरिया में सफलतापूर्वक किया धरना प्रदर्शन

चुनाव आयोग के खिलाफ हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस तथा जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में गत दिनों गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया द्वारा भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस मनाते हुए चुनाव आयोग के खिलाफ हल्ला बोल धरना प्रदर्शन का आयोजन गांधी चौक पंडरिया में सफलतापूर्वक किया गया। मिली जानकारी के अनुसार विगत दिनों दिल्ली में लोकतंत्र बचाने के लिए राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं भारतीय गठबंधन के सांसदों द्वारा निर्वाचन आयोग से जवाबदेही मांगने पर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया था। जिसके विरोध में एआईसीसी ने 8 अक्टूबर को पूरे देश में काला



दिवस घोषित किया था। इसी तारतम्य में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया अध्यक्ष घनश्याम साहू के नेतृत्व में आज शाम 4 बजे गांधी चौक में सैकड़ों कांग्रेसजनों ने एकत्रित होकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और लोकतंत्र व संविधान बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस परिवार के लोगों के बीच सार बात निकलकर आया यह लड़ाई किसी व्यक्ति की नहीं, देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ता कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस धरना प्रदर्शन में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



समस्या : स्कूलों में छुट्टी, बाजार तक नहीं पहुंच रहा सामान, नवरात्रि के पहले संकट

किसान आंदोलन से कवर्धा का बाजार ठप, आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा में किसानों द्वारा पिछले दो दिनों से किए जा रहे आंदोलन और चक्काजाम का असर अब आम जनजीवन पर व्यापक रूप से दिखाई देने लगा है। जिला मुख्यालय पहुंचने वाले मार्गों के बंद होने से आवागमन बाधित है।

इसका असर न केवल लोगों की आवाजाही पर पड़ रहा है, बल्कि बाजार में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित होने लगी है। हालात को देखते हुए कवर्धा के आसपास संचालित कई निजी स्कूलों में भी बीते दो दिनों से छुट्टी कर दी गई है। किसान आंदोलन के चलते कवर्धा पहुंचने वाले मार्गों पर आवागमन बाधित होने से शहर के बाजारों तक आवश्यक वस्तुएं नहीं पहुंच पा रही हैं।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाला दूध, सब्जी और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री भी शहर तक नहीं पहुंचने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो आने वाले दिनों में आम लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।





मरीजों और यात्रियों को उठानी पड़ रही है सबसे ज्यादा परेशानी

आंदोलन और चक्काजाम के कारण सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण अंचलों से जिला मुख्यालय आने वाले मरीजों, यात्रियों और अपने जरूरी कामकाज के लिए कवर्धा पहुंचने वाले लोगों को हो रही है। मार्ग बंद होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों के जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, निजी स्कूलों में छुट्टी होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई के साथ तिमाही परीक्षा भी प्रभावित हो रही है।


दूसरे दिन भी नहीं निकला समाधान

किसानों का आंदोलन और चक्काजाम दूसरे दिन भी जारी रहने से हालात जस के तस बने हुए हैं। इस बीच शासन-प्रशासन की ओर से आंदोलन समाप्त कराने के लिए किए जा रहे कथित प्रयासों का अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। आंदोलन का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। एक ओर किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, तो दूसरी ओर आम लोगों की दैनिक जरूरतें और जरूरी कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। लगातार दूसरे दिन भी आवागमन बाधित रहने और जनजीवन प्रभावित होने से आम लोगों में सरकार और आंदोलनकारियों के प्रति नाराजगी बढ़ने लगी है। अब लोगों की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि शासन-प्रशासन और किसान संगठनों के बीच बातचीत से कब तक समाधान निकलता है और जिला मुख्यालय में सामान्य जनजीवन कब बहाल हो पाता है। प्रशासनिक दावे के मुताबिक इन सब के बीच किसानो ने वार्ता लगातार जारी है।

कवर्धा-समनापुर मार्ग खुला, अब बोड़ला में चक्काजाम

जानकारी के मुताबिक अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा के अन्य प्रमुख मार्गों में चक्काजाम कर बैठे किसानो ने लोगों को आवागमन में हो रही भारी परेशानियों को देखते हुए आंदोलन के दूसरे दिन कवर्धा-समनापुर मार्ग से चक्काजाम समाप्त कर दिया और अब उन्होने बोड़ला में बांधाटोला के पास नेशल हाईवे को जाम कर दिया है। जिससे वाहन बोड़ला से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।

युवा एवं छूटे मतदाताओं के लिए चलेगा विशेष अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में छूटे हुए तथा पहली बार मतदाता बनने वाले युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के तहत मतदाता सूची में वर्तमान में अपंजीकृत व्यक्ति अथवा जिनका नाम मतदाता सूची से हट गया है, ऐसे पात्र व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अभियान के अंतर्गत पात्र मतदाताओं का चिन्हांकन कर उनका मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए स्वीप कार्ययोजना के तहत जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में पंजीकरण से वंचित न रहे।

स्कूल-कॉलेजों में लगाए जाएंगे विशेष कैम्प

जिले के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी स्कूलों तथा समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों में पात्र युवा एवं भावी मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी द्वारा स्कूलों एवं कॉलेजों में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से युवा मतदाताओं को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र युवाओं को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी संबंधित शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया है कि विशेष कैम्प का आयोजन कर पात्र युवा मतदाताओं का चिन्हांकन एवं पंजीकरण सुनिश्चित करें। साथ ही कैम्प के माध्यम से की गई कार्यवाही की जानकारी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने जिले के पात्र नागरिकों, विशेषकर पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

खबर संक्षेप

अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट कैंप 12 अक्टूबर को

कवर्धा। जिले के युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अग्रणी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), कवर्धा द्वारा नेशनल अप्रेंटिसशिप जागरूकता कार्यक्रम, कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम एवं प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 12 अक्टूबर 2026, दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे से शासकीय आईटीआई कवर्धा, सरोधा बांध रोड, ग्राम-तारों (खैरबना), जिला-कबीरधाम में आयोजित होगा।

पंजीयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि 20 तक

कवर्धा। सत्र 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को राज्य छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन एवं सत्यापन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। विद्यार्थियों के पंजीयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए अब 20 अक्टूबर 2026 तक कार्य पूर्ण किया जा सकता है। शिक्षा विभाग ने संबंधित शैक्षणिक संस्थानों एवं पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। संबंधित संस्थानों द्वारा पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन एवं सत्यापन की कार्यवाही समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 20 अक्टूबर 2026 के पश्चात राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

भंडार बांध का मुख्य गेट 10 साल से खराब, लगातार बह रहा पानी

मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



- मरम्मत कर जल संरक्षण कर पानी बचाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के बोड़ला क्षेत्र स्थित भंडार बांध के मुख्य गेट में खराबी के कारण पिछले करीब 10 वर्षों से पानी के लगातार बहने का मामला सामने आया है। इससे जल संरक्षण को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के जिलाध्यक्ष ने मामले को गंभीर बताते हुए कलेक्टर कबीरधाम को ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने बांध के मुख्य गेट की तकनीकी जांच कराकर तत्काल मरम्मत कराने और पानी की बर्बादी रोकने की मांग की है। जनता कांग्रेस के अनुसार, भंडार बांध का मुख्य गेट लंबे समय से खराब होने के कारण बांध में संग्रहित पानी लगातार बाहर बह रहा है।

गर्मी का मौसम आते-आते बांध पूरी तरह सूख जाता है। ऐसे में पानी का उचित संरक्षण नहीं होने से भविष्य में जल संकट की स्थिति गंभीर हो सकती है। अध्यक्ष ने कहा कि भंडार बांध केवल जल संग्रह का माध्यम नहीं है, बल्कि आसपास के जंगलों में रहने वाले वन्यजीवों, पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं के लिए भी महत्वपूर्ण जलस्रोत है। गर्मी के दिनों में प्राकृतिक जलस्रोत सूखने पर बांध का पानी वन्यजीवों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। ऐसे में लगातार पानी बहना पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से भी चिंता का विषय है।

छह सूत्रीय मांगों के साथ सौंपा ज्ञापन

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने ज्ञापन के माध्यम से बांध से हो रहे पानी के बहाव का तत्काल निरीक्षण कराने, मुख्य गेट की तकनीकी जांच और मरम्मत करने तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है। इसके अलावा गर्मी में बांध के सूखने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्थायी जल संरक्षण योजना बनाने, वन्यजीवों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और की गई कार्रवाई की जानकारी संगठन को देने की मांग भी रखी गई है।

समय रहते कार्रवाई की मांग

अध्यक्ष ने कहा कि जल संरक्षण आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यदि समय रहते बांध के गेट की खराबी दूर कर पानी का समुचित प्रबंधन किया जाए, तो उपलब्ध जल को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से मामले में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान जगदीश बंजारे, आफताब राजा, रूपेश यादव, रफीक खान, मोती टेकाम, रमन कोशले, द्विलेश्वर टोंड्रे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बोड़ला के ग्राम बांधाटोला के करीब 50 ट्रैक्टरों के साथ नेशनल हाईवे-30 पर उतरे किसान

- मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कबीरधाम जिले के ग्राम बांधाटोला में शनि मंदिर के पास नेशनल हाईवे-30 पर किसानों ने अपनी 23 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। करीब 50 ट्रैक्टरों के साथ बड़ी संख्या में किसान आंदोलन करने पहुंचे हैं।

किसानों द्वारा नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किए जाने से रायपुर-जबलपुर मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। किसानों के इस आंदोलन के चलते नेशनल हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई हैं। सड़क पर वाहनों की आवाजाही बाधित होने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। गौरतलब है कि नेशनल हाईवे-30 रायपुर से जबलपुर को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है।

इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। ऐसे में ग्राम बांधाटोला के पास किसानों द्वारा चक्काजाम किए जाने से यातायात व्यवस्था पर व्यापक असर देखने को मिल रहा है। हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कतारें लगने से आवागमन बाधित हो गया है।



13 विषयों में पीजी करने वाले प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी को मिलेगा उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



अपनी प्रतिबद्धता, नवाचारों और उ ल्ले ख नी य शै क्ष णि क उपलब्धियों से शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाले शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य रमेश कुमार चन्द्रवंशी का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान के लिए किया गया है।

स्कूल शिक्षा मंत्री के निर्देशानुसार संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग ने उनका चयन किया है। उन्हें 13 अक्टूबर को दुर्ग में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2015 से प्राचार्य का दायित्व निभा रहे चन्द्रवंशी ने शिक्षा को सरल, रोचक और प्रभावी बनाने के लिए कई अभिनव पहल की हैं। उन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से 13 अलग-अलग विषयों में स्नातकोत्तर उपाधियां प्राप्त कर अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस उपलब्धि के लिए उनका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है। उनके प्रयासों से विद्यालय में विद्यार्थियों को भारी बस्ते से मुक्ति मिली है। कक्षाओं की प्रत्येक टेबल पर सभी विषयों की पुस्तकें उपलब्ध रहती हैं, जिससे बच्चे केवल कॉपी-पेन लेकर स्कूल आते हैं। गणित के प्रति विद्यार्थियों का डर दूर करने के लिए जिले में स्कूल स्तर पर पहला गणित मेला आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षण सामग्री और व्यावहारिक प्रदर्शनों के माध्यम से कठिन अवधारणाओं को सरल बनाया गया। चन्द्रवंशी पिछले 12 वर्षों से पोषक क्षेत्र के नौ गांवों में जाकर पालकों से संवाद कर रहे हैं। वर्ष 2015 से अब तक 18 वृहद पालक-शिक्षक बैठकों के जरिए 57 प्रतिशत से अधिक पालकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

उनके नेतृत्व में बालिका शिक्षा, कमजोर विद्यार्थियों को सहयोग, करियर मार्गदर्शन, तनाव प्रबंधन और सांस्कृतिक गतिविधियों सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। सम्मान के लिए चयन पर शिक्षकों, विद्यार्थियों, पालकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

पंजीयन एवं सत्यापन 20 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सत्र 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को राज्य छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन एवं सत्यापन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। विद्यार्थियों के पंजीयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए अब 20 अक्टूबर 2026 तक कार्य पूर्ण किया जा सकता है। शिक्षा विभाग ने संबंधित शैक्षणिक संस्थानों एवं पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। संबंधित संस्थानों द्वारा पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन एवं सत्यापन की कार्यवाही समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत पहुंचकर देखी योजना की जमीनी हकीकत

एफएसटीपी सहित कचरा कलेक्शन कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण छत्तीसगढ़ श्रीमती अभिलाषा आनंद द्वारा कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत जेवडनकला, महराटोला एवं राजपुर में योजना अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर मैदानी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

एकदिवसीय प्रवास पर पहुंची राज्य सलाहकार द्वारा मुख्य रूप से (एफएसटीपी) मल कीचड़ उपचार संयंत्र का निरीक्षण किया गया। संयंत्र की कार्यप्रणाली, संचालन एवं रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके बाद राज्य सलाहकार द्वारा घर-घर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं स्व-सहायता समूहो की महिलाओं से विस्तृत जानकारी ली गई। कचरा संग्रहण की नियमितता, पृथक्करण एवं यूजर चार्ज संग्रहण पर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश योजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान महिला समूहों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि घर-घर कचरा कलेक्शन नियमित रूप से किया जाए। ग्रामीणों को गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने समझाईश देने की बात कही गई।

कचरा कलेक्शन से आजीविका संवर्धन की गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर



कचरा कलेक्शन से आजीविका संवर्धन की गतिविधियों को बढ़ावा देने निर्देशित किया गया। जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का प्रभावी क्रियान्वयन रणनीति बनाकर कार्य करने का सुझाव दिया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना दीदियों तथा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों के माध्यम से घर-घर जागरूकता अभियान चलाने का सुझाव दिया गया।निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक, विकासखण्ड समन्वयक एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच,सचिव महिला समूह के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कवर्धा में चक्काजाम से व्यापार प्रभावित केट ने जताई चिंता, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय किसान महासंघ के चक्काजाम से कवर्धा शहर का व्यापार प्रभावित होने लगा है। शहर की चार प्रमुख सड़कों पर आवागमन बाधित होने से दूध, फल, सब्जी, दवाइयां, पेट्रोल, रसोई गैस सहित अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका है।

वहीं, ब्रेड, अंडे और ठंडी खाद्य सामग्री के जाम में फंसे होने से इनकी उपलब्धता को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। आगामी नवरात्र और दशहरा के लिए आने वाला सामान भी प्रभावित होने की संभावना है। स्थिति को देखते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने कोर कमेटी की आपात बैठक आयोजित की।

इसके बाद पदाधिकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। प्रशासन से फोन पर चर्चा के साथ स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक से भी बैंकिंग व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। केट के अनुसार, चक्काजाम लंबा चलने पर कैश वैन की आवाजाही प्रभावित हो सकती है, जिससे बैंकों और एटीएम में नकदी की कमी होने की आशंका है।

एसबीआई कवर्धा के शाखा प्रबंधक ने बताया कि शहर के एटीएम में पर्याप्त नकदी डाली गई है, लेकिन आवागमन बाधित होने से आसपास के गांवों और तहसील मुख्यालयों तक नकदी पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। केट के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश आहूजा ने कहा कि किसान आंदोलन के अधिकार का सम्मान है, लेकिन इससे आम जनता और व्यापार प्रभावित नहीं होना चाहिए। जिलाध्यक्ष दीप शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी छोटे व्यापारियों को संभावित आर्थिक नुकसान और जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता पर चिंता जताई।